राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 25 अप्रैल, 2023

मंगलवार को श्री केदारनाथ धाम के कपाट विधि विधान के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिये गये हैं। श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सभी श्रद्धालुओं का देवभूमि आगमन पर स्वागत करते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बाबा केदार से सभी यात्रियों की सुगम, सफल और सुरक्षित यात्रा की कामना की है। राज्यपाल को आज केदारनाथ धाम में दर्शन हेतु पहुंचना था, लेकिन खराब मौसम के कारण उनके हेलीकॉप्टर को गौरीकुंड से वापस लौटना पड़ा।

...............0.................